शनिवार • 16.03.2024
अमर उजाला

पुनीत व निशा 400 मीटर दौड़ में अव्वल

साढौरा। डीएवी कॉलेज में शुक्रवार को 48वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन 400 मीटर दौड़ में लड़कों के वर्ग में पुनीत और लड़कियों के वर्ग में निशा पहले स्थान पर रही। लड़कियों में सिमरन ने दूसरा और अंशिका ने तीसरा स्थान पाया। लड़कों की दौड़ में रजत ने दूसरा तथा तुषार ने तीसरा स्थान पाया।

खेल विभाग के प्रभारी डॉ. गुरमेज सिंह ने बताया कि लड़कियों की लंबी कूद में महक ने पहला, प्रियंका ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान पाया। लड़कियों की चक्का फेंक स्पर्धा में आंचल ने पहला, नेहा ने दूसरा और महक ने तीसरा स्थान पाया। लड़कों की 200 मीटर दौड़ में पुनीत ने पहला, तुषार ने दूसरा और अमन ने तीसरा स्थान पाया। लड़कों की लंबी कूद में ऋषभ ने पहला, तुषार ने दूसरा और मयंक ने तीसरा स्थान पाया। समाजसेवी विकास चौधरी ने ध्वजारोहण कर खेलों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेलकूद मानसिक व शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं। प्रिंसिपल डॉ. तेजवीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर डॉ. दर्शन लाल, डॉ. छत्रपाल सिंह, डॉ. एसके दूबे, डॉ. योगेश सिंह मोहन व डॉ. अनुपम खन्ना मौजूद रहे। संवाद